विश्व निवेशक सप्ताह 2021 के अवसर पर सेबी के अध्यक्ष श्री अजय त्यागी का संदेश

हम सभी जानते हैं कि एक जानकार निवेशक ही सुरक्षित निवेशक होता है, इसलिए सेबी निवेशक संरक्षण की दिशा में हमेशा ही निवेशकों को जागरूक करने और उन्हें शिक्षित करने के प्रयास में जुटा रहता है ।

कोविड-19 की वैश्विक महामारी के बाद, भारत के प्रतिभूति बाजार (सिक्यूरिटीज़ मार्केट) में बाजार पूँजीकरण (मार्केट कैपिटलाइज़ेशन) के लिहाज से और नए-नए डीमैट खातों और ट्रेडिंग खातों की संख्या के लिहाज से जबरदस्त उछाल देखने को मिला। म्यूचुअल फंडों में भी निवेशकों ने काफी पैसा लगाया ।

जब कोई नया निवेशक बाजार में कदम रखता है, तो वह यही उम्मीद रखता है कि बाजार हर मायने में कारगर हो, निवेशकों के अनुकूल हो और एक ऐसी जगह हो जहाँ निवेश करना सुरक्षित हो । निवेशकों के हितों का संरक्षण करना सेबी का एक अहम उद्देश्य है । इस दिशा में, सेबी का हमेशा यही प्रयास रहता है कि बाजार की सत्यनिष्ठा बनी रहे, निवेशकों के लिए निवेश करना आसान बनाया जा सके और निवेशकों की शिकायतों का निवारण करने की एक मजबूत व्यवस्था उपलब्ध रहे ।

निवेशकों को प्रतिभूति बाजार में निवेश करने से पहले सावधानी बरतनी चाहिए और अच्छी तरह से छानबीन कर लेनी चाहिए । उन्हें बाजार में चल रही अफवाहों के आधार पर निवेश नहीं करना चाहिए और केवल उन मध्यवर्तियों (इंटरमीडियरीज़) के साथ लेनदेन करना चाहिए जो सेबी से रजिस्टर हों ।

सेबी वित्तीय शिक्षण और निवेशक जागरूकता से संबंधित कई तरह के कार्यक्रम आयोजित करता रहता है और इस प्रकार एक शिक्षक की भूमिका भी अदा करता है । इसी दिशा में सेबी प्रत्येक वर्ष "विश्व निवेशक सप्ताह" मनाता है । विश्व निवेशक सप्ताह की शुरूआत आयस्को ने की है, जिसे अब दुनियाभर के प्रतिभूति बाजार के विनियामक (रेग्यूलेटर) मनाते हैं ।

इस वर्ष हम 22 – 28 नवम्बर, 2021 के दौरान विश्व निवेशक सप्ताह मना रहे हैं और देशभर में तरह-तरह के निवेशक जागरूकता से संबंधित कार्यक्रम आयोजित करने वाले हैं । इनमें शामिल हैं – निवेशक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन, मीडिया अभियान, आदि ।

मुझे पूरा यकीन है कि प्रतिभूति बाजारों में निवेश करने वाले निवेशक, खासतौर पर वे जो अभी नए हैं, इस अवसर का लाभ उठाएंगे और उन्हें बाजार के विशेषज्ञों को सुनने का मौका मिलेगा, जिससे वे यह समझ पाएंगे कि प्रतिभूति बाजार में निवेश करते समय क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए।

मैं इस अवसर पर सभी निवेशकों को अपनी शुभकामनाएं देता हूँ ।

अजय त्यागी